भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 1708

उत्तर देने की तारीख- 01/08/2024

जनजातीय सहकारी समितियों का बाजार संपर्क

1708 श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा:
श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा जनजातीय सहकारी समितियों की आपूर्ति श्रृंखला और बाजार संपर्कों को सुदृढ़ बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ख) उठाए गए उक्त कदमों के मद्देनजर क्या प्रमुख उपलब्धियां हासिल की गई हैं?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) और (ख): जनजातीय कार्य मंत्रालय अपनी एजेंसी अर्थात भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ (ट्राइफेड) के माध्यम से 'प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन' (पीएमजेवीएम) योजना को क्रियान्वित कर रहा है, जिसके अंतर्गत ट्राइफेड जनजातीय उत्पादों की खरीद के लिए जनजातीय कारीगरों/आपूर्तिकर्ताओं को सूचीबद्ध करके पश्च संपर्क (बैकवर्ड लिंकेज) प्रदान करता है तथा अमेजन.कॉम, फ्लिपकार्ट.कॉम, पेटीएम, स्नैपडील.कॉम और जीईएम जैसे अन्य ई-मार्केटिंग चैनलों के अलावा अपने 'ट्राइब्स इंडिया' आउटलेट्स और ई-कॉमर्स पोर्टल 'ट्राइब्सइंडिया.कॉम' के माध्यम से बाजार में उनके उत्पादों की बिक्री के माध्यम से अग्र संपर्क (फॉरवर्ड लिंकेज) प्रदान करता है। पिछले तीन वर्षों के दौरान ट्राइफेड द्वारा की गई खरीद और बिक्री का विवरण नीचे दिया गया है:

क्र. सं.	वर्ष	खरीद (लाख रुपए में)	बिक्री (लाख रुपए में)
1	2021-2022	2900.33	4342.32
2	2022-2023	1520.31	3574.09
3	2023-2024	1804.16	3607.22